पाठ 18. चार कौए (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में प्रभावी संप्रेषण संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे शाब्दिक और गैर–शाब्दिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने में समर्थ हो सकें। इस पाठ के माध्यम से बताया गया है कि समाज में या देश में नेतृत्व देने वालों को मनमानी न कर सबको खुश और सुखी रखने के अवसर देने चाहिए।

अध्यापन संकेत

यह पाठ केवल पठन के लिए है। बच्चों से कौए के रंग–रूप, स्वभाव, आदि के बारे में चर्चा करें। पाठ में आए अन्य पक्षियों के बारे में भी मौखिक प्रश्न पूछे जा सकते हैं। कक्षा को दो दलों में बाँटकर यह कार्य किया जा सकता है। इसमें एक दल का एक बच्चा प्रश्न पूछेगा जबकि दूसरे दल का कोई बच्चा उत्तर देगा। इसी प्रकार खेल आगे बढ़ता रहेगा। जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ सहायता करें।